दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी का प्रसारण आज

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 28 वीं कड़ी का प्रसारण 17 अप्रैल को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार नवा छत्तीसगढ़ नवा बजट विषय पर प्रदेशवासियों से बातचीत करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 बजे से 11.00 बजे तक होगा।

### मेला देखकर लौट रहे पिता-पुत्र की सडक़ दुर्घटना में हुई मौत

**कोंडागांव (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बनियागांव के चौराहे के पास एक सडक़ हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कोकोड़ी निवासी उलास मंडावी पिता जगदेव व निखिल पिता उलास अपने किसी रिस्तेदार के यहां बनियगांव में चल रहे मेला देखने गए हुए थे। मेला देखकर वापस लौटते के दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद कुछ समय तक यहा गहमा-गहमी का माहौल बना हुआ था। हालांकि समय रहते मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए आवागमन सुचारू किया।

### तीन क्रिकेट सटोरी सहित सात पकड़ाए

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के रायपुरा में मधुशाला बार के पास पुलिस ने 3 क्रिकेट सटोरी सहित 7 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। दीनदयाल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कल रात 8.30 बजे मधुशाला बार रायपुरा के पास आरोपी कमल पिता बालचन्द असरानी 45 वर्ष एवं अन्य 2 लोगों को आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लिखते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से नगदी 14600 रुपये एवं 02 नग मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने एक अन्य मामले में राखी थानांतर्गत खरखराडीह खार से कल रात 7.30 बजे आरोपी सोनू पिता जयचंद पांडे 25 वर्ष एवं अन्य 03 आरोपियों को गुल गोटी से सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों से 6200 रुपये जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ भी सट्टा एक्ट के मामले में कार्रवाई की गई।

### खेत में मिला लापता युवक का शव, हत्या की आशंका

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के छोटेडोंगर थाना अंतर्गत ग्राम कोड़ेनार में अज्ञात हत्यारों ने एक युवक की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया था। बारसूर पल्ली मार्ग के छोटेबुरगुम के पास एक खेत में रमोली नेताम नामक युवक को एक अज्ञात शव पड़ा देखने पर इसकी सूचना प्रार्थी ने कोड़ेनार पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही छोटेडोंगर एसडीओपी अभिषेक पैकरा ने टीम गठित कर घटना स्थल पंहुचकर कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर, छोटेडोंगर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार छोटेडोंगर लाटापारा निवासी मुकेश नाग पिता स्व.रामप्रसाद नाग पेशे से राजमिस्त्री का काम करता था। मुकेश नाग अपने तीन साथी नरेन्द्र बरेट, बालसिंह ध्रुव व ओमप्रकाश बेलसरिया के साथ छोटेडोंगर से 04 अप्रेल को ग्राम बेचा में ग्राम पंचायत के शौचालय निर्माण कार्य करने के लिए गया हुआ था। कोड़ेनार में देर रात तक माडिय़ा नाचा देखने के बाद मृतक युवक मुकेश नाग के साथियों ने नींद आने का हवाला देते हुए मृतक मुकेश को मेले में छोडक़र सोने के लिए चले गए। इधर मृतक युवक अकेला ही मेले में घुम रहा था, तभी अज्ञात लोगों ने मुकेश नाग को खेत में ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

# धान की तरह अन्य फसलों के उत्पादन के लिए भी मिलेगा आसान ऋण : मुख्यमंत्री

- **वर्मी खाद के इस्तेमाल से दलहल-तिलहन के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि : भूपेश बघेल**
- **कृषि एवं वन उत्पादों के मूल्य संवर्धन के लिए बड़ी संख्या में खोले जाएंगे प्रोसेसिंग सेन्टर**
- **मुख्यमंत्री ने किसानों को सामग्री एवं चेक बांटकर किया राज्य स्तरीय कृषि समृद्धि मेले का समापन**



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि धान की तरह अन्य फसलों के उत्पादन के लिए भी सहकारी बैंक से आसानी से ऋण मुहैया कराया जायेगा। इसके लिए ऋणमान में भी बदलाव किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान दलहन-तिलहन और नकद फसलों की खेती कर ज्यादा आमदनी कमा सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना के उत्साहजनक परिणाम मिल रही है। दलहन उत्पादन में दूसरी फसल के रूप में राज्य में 17 फीसदी और तिलहन में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बघेल आज बिलासपुर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कृषि समृद्धि मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों को आदान सामग्री एवं अनुदान राशि के चेक वितरित किए। समारोह की अध्यक्षता कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने की। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे।

दलहल-तिलहन के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि : भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्य अतिथि की आसन्दी से कहा कि हमारी आजीविका का प्रमुख आधार कृषि है। नये-नये प्रयोग से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है। इसके बाद भी हमें आगे बहुत कुछ करना बचा है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी एवं वानिकी के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। बिलासपुर संभाग में सिंचाई की अच्छी सुविधा है और किसान मेहनतकश हैं। राज्य सरकार के सहयोग से जरूर उद्यानिकी का रकबा यहां बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल विविधता को हम बढ़ावा दे रहे हैं। धान के बदले अन्य फसल अथवा वृक्ष लगाने पर 10 हज़ार प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोदो-कुटकी एवं रागी की फसल खरीदने वाली देश की अकेली राज्य सरकार है। कोदो-कुटकी 3 हज़ार और रागी 3 हज़ार 377 रुपये प्रति क्विन्टल के हिसाब से सरकार इसे खरीदती है।

दलहल-तिलहन के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि :भूपेश बघेल

बघेल ने कहा कि आज हम 65 प्रकार के लघु वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी करते हैं। तीन साल पहले केवल 7 किस्म के लघु वनोपज ही खरीदे जाते थे। स्वरोजगार के प्रमुख साधन के रूप में लाख और मछलीपालन को हमने खेती का दर्जा दिया है। उन्हें भी अब बैंकों से बिना ब्याज के ऋण मिल रहा है। हमने सहकारी संस्थाओं की संख्या बढाकर किसानों के इतने नज़दीक ले आये हैं कि धान बेचने के लिए उन्हें रतजग़ा नहीं करना पड़ता और न ही लम्बी लाइन लगानी पड़ती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में दूध की जरूरत और उत्पादन में फिलहाल बड़ा अंतर है। उत्पादन अभी 85 हज़ार लीटर प्रतिदिन हो रहा है जबकि जरूरत ढाई लाख लीटर प्रतिदिन की है। गोधन न्याय योजना से इस खाई को मिटाने में मदद मिल रही है। बहुत जल्द हम दूध उत्पादन के मामले में आत्म निर्भर हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई-नई तकनीकों के इस्तेमाल से कृषि उत्पादन में वृद्धि तो हो रही है। लेकिन बाजार नहीं मिलने से इनका वास्तविक लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। इसका फायदा तभी होगा जब हम इनके मूल्य संवर्धन के लिए प्रसंस्करण केन्द्र लगाएं। फसल की किस्मों के अनुरूप राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किये जायेंगे। इसकी कार्य-योजना राज्य सरकार ने तैयार कर ली है। इससे उद्यमियों और युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि तीन दिनों में 30 हज़ार से ज्यादा लोगों ने मेले का अवलोकन कर खेती-किसानी की उन्नत तकनीकी सीखी है। इन नई तकनीकों का इस्तेमाल वे अपनी खेतों पर करेंगे और ज्यादा लाभ कमायेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तरक्की का रास्ता खेती-किसानी से होकर जाता है। इसलिए सरकार तमाम योजनाएं लाकर किसानों को आर्थिक तौर से मजबूत कर रही है। उन्होंने बिलासपुर में राज्य स्तरीय किसान मेला आयोजित करने का औचित्य भी बताया। उन्होंने कहा कि इस साल हमने अपने वादे से ज्यादा मूल्य पर किसान भाइयों से धान खरीदा है। अगले साल इसमें और वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि खाद संकट का सामना करने के लिए हमारे गौठान तैयार हो गये है। लगभग 16 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार है। छत्तीसगढ़ की गोठान योजना को लागू करने में देश के कई राज्यों ने रुचि दिखाई है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि हमने न केवल किसान बल्कि कृषि मज़दूरों की सहायता का ख्याल भी हमने रखा है। लगभग साढ़े 3 लाख कृषि मज़दूरों को साल में 6 हज़ार की सहायता कर रहे हैं। इस साल से इसे बढ़ाकर 7 हज़ार रुपये कर दिये हैं। सचिव कृषि विभाग डॉ. एस. भारतीदासन ने स्वागत भाषण दिया।

## नजूल पट्टा नवीनीकरण व भूमि स्वामी हक प्रदाय के लिए 20 अप्रैल को मेगा कैम्प




**रायगढ़।** नजूल पट्टा व अभ्यांतर पट्टाधारियों को नवीनीकरण व भूमि स्वामी हक प्रदाय करने के संबंध में 20 अप्रैल 2022 दिन-बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे से ऑडिटोरियम पजरी प्लाट, रायगढ़ में एक दिवसीय शिविर/मेगा कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नजूल पट्टों के भूमि स्वामी हक के साथ ही साथ जिनके पट्टे की अवधि समाप्त हो गयी हो तो राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत उक्त पट्टों का नवीनीकरण किया जाना है। जिसमें पट्टाघारी/ हितग्राही शिविर में ही पट्टे की छायाप्रति व आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं। इस मेगा शिविर में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत प्राप्त पट्टों का भूमि स्वामी हक प्राप्त करने हेतु भी पट्टाधारी आवेदन दे सकते हैं। उक्त शिविर में हितग्राहियों को लोन प्रदाय करने में सहयोग हेतु बैंक के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जनसामान्य उक्त शिविर /मेगा कैम्प में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## राज्य स्तरीय कृषि समृद्धि मेला में जिले के कृषक हुए शामिल

- **आधुनिक कृषि, पशुपालन, मुर्गीपालन, मछलीपालन एवं कृषि यंत्रों से संबंधित तकनीकों की दी गई जानकारी**




**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ द्वारा इंजी.आर.के.स्वर्णकार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विकास खण्ड के कृषक एवं कृषक महिलाओं को प्रतिदिन 13 से 15 अप्रैल 2022 तक शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय कृषि समृद्धि मेला-2022 का भ्रमण कराया गया। केन्द्र के वैज्ञानिक के.के. पैकरा, सी.पी.एस.सोलंकी एवं नीलकमल पटेल द्वारा कृषक एवं कृषक महिलाओं को मेला में लगे विभिन्न स्टालों का भ्रमण कराया गया जिसमें विभिन्न फसलों की आधुनिक कृषि, पशुपालन, मुर्गीपालन, मछलीपालन एवं कृषि यंत्रों से संबंधित की तकनीकी जानकारी दी गई। इस स्तरीय कृषि समृद्धि मेला में जिले के उर्मिला सिदार, सीताराम पटेल, जतीराम भगत, नारायण गबेल एवं राजेश प्रधान आदि प्रगतिशील कृषक एवं कृषक महिलाओं को सम्मानित किया गया साथ ही इस मेले में 15 अप्रैल को जिले के प्रगतिशील कृषक एवं कृषक महिला उर्मिला सिदार व सीताराम पटेल को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। जिसमें उर्मिला सिदार द्वारा गौमूत्र आधारित विभिन्न जैविक कीटनाशक, फूंदनाशक, पौध वृद्धि घोलक एवं अन्य जैविक उत्पादन का निर्माण, विपणन तथा प्राकृतिक लाभ एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी कड़ी में सीताराम पटेल द्वारा कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से हल्दी, सरसों एवं मसाला वर्गीय फसलों की खेती, प्रसंस्करण एवं विपणन के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। जिले के कृषक एवं कृषक महिलाओं द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की व निकट भविष्य में इस प्रकार के और कार्यक्रम कराने की लिये अपील की गयी।

# आईपीएल क्रिकेट सट्टा पर जारी है कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

- **ऑनलाइन सट्टा लगाते दो व्यक्ति गिरफ्तार, लाखों की सट्टा पट्टी व नकदी जब्त**



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर आईपीएल क्रिकेट पर रुपए का ऑनलाइन दांव लगाने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 16.04.2022 को पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के निर्देशन पर नगर कोतवाल मनीष नागर के नेतृत्व में हमराह उपनिरी मानकुवर सिदार आर . 643 नारायण राठिया एवं आर . 936 प्रेम सिंह राठिया के संयुक्त टीम के द्वारा तेज एवं तत्पर कार्यवाही करते हुए किकेट सट्टा पर लगाम कसने हेतु मुखबिरों का जाल बिछाकर पैनी नजर रखते हुए टाटा आई पी एल किकेट में मुंबई इंडियंस एवं लखनऊ सुपर ज्वांइट के बीच खेले जा रहे मैच में टी व्ही एवं मोबाईल के माध्यम से लाखो की क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए प्रदीप चौहान उर्फ बाटली पिता स्व . भरत लाल चौहान उम्र 28 वर्ष सा . बंगलपारा वार्ड नं . 39 थाना सिटी कोतवाली रायगढ को पकड़ा गया जिसके कब्जे से एक एएसयूएस का कम्प्यूटर नगदी 3920 , एक मोबाईल एक नोट बुक , एक डाट पेन जप्त किया गया एवं आरोपी शिवा सेट्ठी पिता वेन गोपाल सेट्ठी उम्र 31 वर्ष सा . स्टेशन चौक गुजराती पारा रायगढ थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 2450 रूपये , 02 नग मोबाईल लेखा जोखा हेतु नोट बुक एवं डाट पेन जप्त किया गया एवं बरामद के जप्त की गई दोनो आरोपी के विरूद्ध धारा 4 ( क ) सार्वजनिक द्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### होम केयर प्रोडक्शन फेक्ट्री में लगी आग

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में संचालित मेंसर्स करिश्मा होम केयर प्रोडक्ट में बीती रात आग लग गई थी। फैक्ट्री में टॉयलेट क्लीनर, फ्लोर क्लीनर बनाने का काम किया जाता है। आग की सूचना मिलने पर तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम एसडीआरएफ की टीम तथा स्थानीय नागरिकों की मदद से आग को बुझाया गया। इस आगजनी की घटना में आसपास के किसी भी घर को नुकसान नहीं पहुंचा है और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

इस आगजनी की घटना पर थाना सरस्वती नगर में संचालक राकेश आसरा के विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त फर्म के संचालकों से घटना के विषय में पूछताछ कार्यवाही जारी है।

## जुआ फड में छाल पुलिस की रेड, 6 जुआरी पकड़े गए, 6900 रुपए जब्त



**रायगढ़।** नव पदस्थ थाना प्रभारी छाल निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में छाल पुलिस द्वारा दिनांक 15-16.04.2022 की रात्रि मुखबिर सूचना पर ग्राम चुहकीमार मुर्गी फार्म के पास 52 पत्ती ताश से काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे जुआरियों को घेराबंदी कर पकडा गया है। मौके पर जुआडियान (1) ललित भास्कर पिता हीरा लाल भास्कर उम्र 34 वर्ष साकिन बंगरसुता (2) देवानद पिता भागीरथी सोनी उम्र 25 वर्ष साकिन चुहकीमार (3) फिरोज खान पिता जबार खान उम्र 32 वर्ष साकिन तरेकेला (4) नवीन पटेल पिता टकेश्वर पटेल उम्र 26 वर्ष साकिन चुहकीमार (5) रामकृष्ण हलधर पिता जयहरि हलधर उम्र 26 वर्ष साकिन टेडा नावापारा (6) संदीप पटेल पिता नेपाल प्रसाद उम्र 32 वर्ष साकिन चुहकीमार को हिरासत में लिया गया जो मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेल रहे थे जुआरियों के फड एवं पास से जुमला ₹6,900 बरामद हुआ है जिसकी जब्ती की गई है। थाना छाल में आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# अंगना म शिक्षा : बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए खुद तैयार हुईं शासकीय प्राथमिक शाला जोरापाली की माताएं



**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ में पढ़ई तुंहर दुआर योजना की सफलता के बाद प्राथमिक शालाओं एवं आंगनबाड़ी के नौनिहालों के लिए सरकार अंगना म शिक्षा कार्यक्रम चला रही है। कोरोना काल में लंबे समय से छोटे बच्चों के स्कूल बंद पड़े थे, बच्चे घरों में कैद रहे, ऐसे में बच्चों में अनिवार्य शिक्षा की अलख जगाने के लिए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम कारगर साबित हो रहा है। इस योजना के तहत प्राथमिक शाला व इससे पूर्व बच्चों को उनकी माताओं के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना मकसद है, ताकि बच्चों को विद्यालय खुलने के बाद किसी तरह की परेशानी ना हो, बच्चे घर पर पढ़ सकें और पाठ्यक्रम की बातों को आसानी से समझ सकें। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के इसी महती उद्देश्य को लेकर शासकीय प्राथमिक शाला जोरापाली रायगढ़ की माताएं बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए खुद तैयार हुईं और संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास पर फोकस करते हुए 9 काउंटर निर्मित कर नौनिहालों को उन माताओं के माध्यम से ही विभिन्न रुचिकर एक्टिविटीज करवाई गई, जिनमें पेपर क्राफ्ट, खिलौनो के माध्यम से विभिन्न गेम्स कराए गए। जिससे उनका विकास हो सके। वहीं उनकी झिझक को दूर करना तथा भाषा विकास के साथ पाठ्यक्रम से रूबरू करवाना भी इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। शासकीय प्राथमिक शाला जोरापाली रायगढ़ में हुए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इस कार्यक्रम में हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं सहित वॉलिंटियर्स ने भी अपनी सहभागिता बाखूबी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में संकुल धनागर के साथ अन्य प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व संकुल समन्वयकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। जिन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य व आवश्यकता पर अपने अमूल्य अनुभव साझा किए। संस्था के प्रधान पाठक आशीष रंगारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता व संवर्धन के लिए माताओं का उन्मुखीकरण के जरिए क्षमता वृद्धि कर उनकी सहभागिता प्राप्त करना इस कार्यक्रम का महती उद्देश्य है, जिससे माताएं अपने बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ सकें। यह छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग का अभिनव प्रयास है जिससे शिक्षकों और माताओं की सहायता से कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में बच्चों को सुरक्षित रखते हुए भी माताओं के द्वारा नौनिहालों को शिक्षा दी जा सके। इसके लिए सभी शिक्षकों को और माताओं को अपने अपने स्तर पर सार्थक प्रयास करना होगा। माताएं अपने घर के खुशनुमा माहौल में अपने आसपास से उपलब्ध संसाधनों जैसे आलू, प्याज, टमाटर, विभिन्न सब्जियों, थाली, गिलास, चम्मच द्वारा सरलता से अक्षर ज्ञान, अंक ज्ञान, गिनती, जोडऩा-घटाना आदि गतिविधियों को समझा सकती हैं। इस तरह माताएं अंगना म शिक्षा कार्यक्रम से जुड़कर बच्चों के बौद्धिक एवं सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगी। माताओं का अपना अनुभव एवं प्रयास ही बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने में सहायक सिद्ध होगा।

संकुल समन्वयक धनागर यशपाल नायक व संकुल समन्वयक काशीचुआं भुवन लाल पटेल ने अपने साझा उद्बोधन में कहा कि बच्चों की असली गुरु मां होती है। बच्चा स्कूल में बाद में सब कुछ सीखता ही है लेकिन उससे पहले माँ ही उसकी गुरु होती है। माताएं अपने बच्चों को स्कूली शिक्षा के पूर्व बहुत से ज्ञान खेल-खेल में घर पर ही दे सकती हैं। साथ ही यह कार्य पूरे समाज का भी दायित्व है।

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य कर रही शासकीय प्राथमिक शाला कोसमनारा की सहायक शिक्षिका सुशीला साहू व शासकीय प्राथमिक शाला जोरापाली की सहायक शिक्षिका शबाना खातून व सहायक शिक्षक प्रवीण कुमार नायक ने कार्यक्रम के संचालन व गतिविधियों का क्रियान्वयन करते हुए अपने साझा उद्बोधन में कहा कि अंगना म शिक्षा से नौनिहालों को घर पर ही ज्ञान मिलेगा, नौनिहालों को माताओं के द्वारा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडऩे का यह अभिनव प्रयास है। बच्चों को सिखाने की साइकोलॉजी अलग है। बच्चों को जैसा हम सिखाएंगे वे वैसा ही सीखते हैं, बच्चे खेल-खेल में ही रुचिकर तरीके से बेहतर ढंग से सीख सकते हैं। संस्था प्रमुख आशीष रंगारी ने अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य, रूपरेखा, कार्य नियोजन, महत्व एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए बेहतर तरीके से कार्यक्रम का संचालन व क्रियान्वयन किया।

**ये चुने गए स्मार्ट माता व स्मार्ट स्टूडेंट-** अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में शासकीय प्राथमिक शाला जोरापाली रायगढ़ की माताओं में सरिता चौहान, दशोदा साहू, अमूल्या चौहान को स्मार्ट माता तथा विद्यार्थियों में लोकेश चौहान, गीतिका साहू व मेघा चौहान को स्मार्ट विद्यार्थी चुना गया। इसी तरह आंगनबाड़ी जोरापाली से संतोषी चौहान,सीमा चौहान,रजनी चौहान को स्मार्ट माता तथा रूद्र चौहान, अनिकेत चौहान व शिवम चौहान को स्मार्ट विद्यार्थी के रूप में चुनकर संस्था द्वारा क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480